**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नयी दिल्ली**

**अधिगम मूल्यांकन ( प्रवेश ) परीक्षा**

**कक्षा-सातवीं (हिन्दी) 2017-18**

**समय : 1 घंटा** **पूर्णांक : 50**

**सामान्य निर्देश :**

**(1) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।**

**(2) प्रश्न पत्र मे कुल 50 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**

**(3) प्रश्नों के उत्तर दिये गए विकल्प मे से चुनकर उत्तर के लिए दिये गए स्थान ( ) पर लिखें।**

**छात्र का नाम** ________________________ **कक्षा एवं वर्ग** ____________

**विद्यालय का नाम** _____________________ **संभाग** ____________

नोट : प्रश्न 1 से 5 तक गद्यांश पर आधारित प्रश्न हैं। इन्हें पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर विकल्प से चुनकर लिखिए-

सूत कातने के अधिक परिश्रम से गांधीजी की आँखें दुखने लगी थीं। डॉक्टर ने आराम करने के लिए कहा। सुबह जल्दी उठकर सारा दिन काम करने के बदले कम काम करने की सलाह दी। परंतु गांधीजी ने एक भी बात स्वीकार नहीं की। गांधी जी की आँखों मे अत्यंत पीड़ा थी जिसका आदम को भी बहुत दुख था। अतः वह उन्हें कम काम करने के लिए समझाने लगा। गांधीजी ने उसकी बात सुनी और कहा "देखो भाई आदम, यह सूरज अपना काम कभी नहीं छोड़ता, ठीक समय पर निकलता है और संसार को रोशनी देता है, तो हम अपना काम कैसे छोड़ें ?

प्रश्न-1 डॉक्टर ने गांधीजी को क्या सलाह दी ?

(क) बिलकुल काम न करने की (ख) आराम करने व कुछ काम करने की सलाह दी

(ग) समयानुसार दवाई खाने की (घ) हवा-पानी बदलने की उत्तर ( )

प्रश्न-2 आदम को किस बात का दुख था ?

(क) गांधीजी के द्वारा कार्यरत रहने का (ख) गाधीजी की आँखों की पीड़ा का

(ग) गांधीजी के लिए कुछ न कर पाने का (घ) दिए गए सभी उत्तर ( )

प्रश्न-3 गांधीजी ने आदम से क्या कहा ?

(क) मैं कल से आराम करूंगा

(ख) मैं दवाइयाँ समयानुसार लूँगा

(ग) जिस प्रकार सूर्य काम निरंतर करता है वैसे ही हमें भी अपना कार्य करना नहीं छोड़ना चाहिए ।

(घ) मुझे अब आराम है । उत्तर ( )

प्रश्न-4 गांधीजी लोगों को क्या संदेश देना चाहते हैं ?

(क) हमें अपना काम सोच-समझ कर करना चाहिए

(ख) हमें अपना काम समय पर करना चाहिए ।

(ग) हमें अपना काम किसी के समझाने पर करना चाहिए ।

(घ) जब समय मिले तब काम करना चाहिए । उत्तर ( )

प्रश्न-5 'सूरज' शब्द का सही पर्यायवाची है ?

(क) नभचर (ख) निशाचर

(ग) दिनकर (घ) जलचर

नोट: प्रश्न 6 से 10 तक पद्यांश पर आधारित प्रश्न हैं इन्हें पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्प मे से चुनकर लिखिए-

सरसों, गेहूं और चने के
लगते कितने प्यारे खेत ।
बिछी रेशमी चादरों से
रंग-बिरंगे प्यारे खेत ।
संग हवा के झूला झूलें
लहर-लहर लहराते खेत ।

सजी-धजी नर्तकियों से
कत्थक नृत्य दिखाते खेत ।
ये हैं धरती का परिधान
ये हमारे लिए भगवान
इनसे भरते सबके पेट
इनसे जीते पशु- इंसान ।

प्रश्न-6 कवि को क्या प्यारे लगते हैं ?

(क) सरसों के खेत (ख) गेहूं के खेत

(ग) चने के खेत (घ) सरसों-गेहूं और चने के खेत उत्तर ( )

प्रश्न-7 खेत मे कौन-कौन सी फसलें लगी हैं ?

(क) धान, बाजरा, मक्का (ख) सरसों, गेहूं,, चना

(ग) ग्वार, बाजरा, मटर (घ) ज्वार, मकई, सनई उत्तर ( )

प्रश-8 कवि के लहराते शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?

(क) मेंड़ (ख) पानी

(ग) नर्तकियाँ (घ) खेत उत्तर ( )

प्रश-9 खेतों को भगवान क्यों कहा गया है ?

(क) ये धरती के परिधान हैं (ख) इनका सौंदर्य अनुपम है

(ग) इनसे सबका पेट भरता है (घ) इनके सहारे गाँव वाले जीते हैं उत्तर ( )

प्रश्न-10 'परिधान' शब्द का अर्थ है-

(क) बादल (ख) अस्त्र

(ग) वस्त्र (घ) पुस्तक उत्तर ( )

प्रश्न-11 पत्र लेखन मे प्राचार्य के लिए सम्बोधन होगा-

(क) महाशय (ख) प्रिय

(ग) पूजनीय (घ) श्रीमान उत्तर ( )

प्रश-12 घरों मे पत्र पहुंचाने का काम काम कौन करता है ?

(क) चपरासी (ख) डाकिया

(ग) सिपाही (घ) नौकर उत्तर ( )

प्रश्न-13 विद्यार्थी का बहुवचन होगा-

(क) विद्यार्थिए (ख) विद्यार्थि

(ग) विद्यार्थी (घ) विद्यार्थियाँ उत्तर ( )

प्रश्न-14 राजा का पर्यायवाची निम्न मे से कौन-सा है ?

(क) महीपति (ख) नर

(ख) प्रभाकर (घ) कपीश उत्तर ( )

प्रश्न-15 नूतन का विलोम क्या होगा ?

(क) आद्यतन (ख) नवीन

(ग) नीरस (घ) पुरातन उत्तर ( )

प्रश्न-16 भाषा के दो रूप कौन से हैं ?

(क) लिखित और सुनना (ख) मौखिक और लिखित

(ग) सुनना और बोलना (घ) कोई नहीं उत्तर ( )

प्रश्न-17 नोटिस (सूचना) लिखा जाता है-

(क) सूचना छिपाने के लिए (ख) सूचना देने के लिए

(ग) हँसाने के लिए (ग) रुलाने के लिए उत्तर ( )

प्रश्न -18 'लिपि' से क्या अभिप्राय है?

(क) भाषा के विभिन्न रूप (ख) भाषा को लिखने के चिह्न

(ग) भाषा का लिखित रूप (घ)भाषा का इतिहास उत्तर ( )

प्रश्न -19 'इंसां' का अर्थ है-

(क) शैतान (ख) इंसान

(ग) भगवान (घ) नादान उत्तर ( )

प्रश्न -20 निम्नलिखित में से निजवाचक सर्वनाम है-

(क) उसको (ख) तुम्हारे

(ग) अपने (घ) सभी को उत्तर ( )

प्रश्न -21 दुखी का विलोम शब्द होगा-

(क) नाराज (ख) रोना

(ग) सुखी (घ) कोई नहीं उत्तर ( )

प्रश्न -22 मिठास शब्द मे कौनसी संज्ञा है-

(क) व्यक्तिवाचक (ख) जातिवाचक

(ग) भाववाचक (घ) पदार्थवाचक उत्तर ( )

प्रश्न -23 ताज़ा विशेषण से भाववाचक संज्ञा शब्द बनेगा-

(क) ताज (ख) ताजे

(ग) ताजो (घ) ताज़गी उत्तर ( )

प्रश्न -24 माला शब्द का बहुवचन रूप होगा-

(क) माला (ख) माले

(ग) मालाएँ (घ) मालों उत्तर ( )

प्रश्न -25 इनमें से कौनसा शब्द शुद्ध है-

(क) पारीक्षा (ख) परिक्षा

(ग) परीक्ष (घ) परीक्षा उत्तर ( )

प्रश्न -26 मोहन घर जाता है । वाक्य में मोहन का लिंग होगा

(क) स्त्रीलिंग (ख) नपुंसकलिंग

(ग) पुल्लिंग (घ) इनमें से कोई नहीं उत्तर ( )

प्रश्न -27 अध्यापक कक्षा मे पढ़ा रहे हैं । वाक्य मे अध्यापक शब्द का स्त्रीलिंग होगा -

(क) अध्यापिका (ख) कवयित्री

(ग) लेखिका (घ) पाठिका उत्तर ( )

प्रश्न -28 कुत्ता फुर्ती से चोर पर झपटा- इस वाक्य मे 'फुर्ती' शब्द क्या है ?

(क) क्रिया (ख) क्रियाविशेषण

(ग) संज्ञा (घ) सर्वनाम उत्तर ( )

प्रश्न -29 तुम्हारा नाम बहुत सुंदर है । वाक्य मे 'सुंदर' शब्द है-

(क) विशेषण (ख) संज्ञा

(ग) क्रिया (घ) क्रियाविशेषण उत्तर ( )

प्रश्न -30 तेजेन्द्र बहुत पढ़ता है । रेखांकित शब्द है-

(क) क्रिया (ख) सर्वनाम

(ग) विशेषण (घ) संज्ञा उत्तर ( )

प्रश्न -31 'गैरहाज़िर शब्द मे उपसर्ग है-'

(क) गै (ख) हाजिर

(ग) गैर (घ) जिर उत्तर ( )

प्रश्न -32 'भारतीय' शब्द में प्रत्यय है-

(क) तीय (ख) इय

(ग) एय (घ) ईय उत्तर ( )

प्रश्न -33 'तारीफ' शब्द का अर्थ है-

(क) बुराई (ख) प्रसिद्ध

(ग) प्रशंसा (घ) अच्छाई उत्तर ( )

प्रश्न - 34 'वीरगति पाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(क) शहीद होना (ख) वीरता दिखाना

(ग) मर जाना (घ) युद्ध से भाग जाना उत्तर ( )

प्रश्न - 35 'निधन - निर्धन' नमक शब्द युग्म के सही अर्थ को पहचान कर लिखे ।

(क) धनवान-मृत्यु (ख) मृत्यु-धनवान

(ग) मृत्यु-गरीब (घ) इनमें से कोई नहीं उत्तर ( )

प्रश्न - 36 'अवधी' इनमें से क्या है -

(क) नगर (ख) समय

(ग) भाषा (घ) राजधानी उत्तर ( )

प्रश्न - 37 ‘चौराहा’ किसे कहते है -

(क) जहां चार राहें मिलती हैं

(ख) जहां पाँच राहें मिलती हैं

(ग) जहां तीन राहें मिलती हैं

(घ) जहां दो राहें मिलती हैं उत्तर ( )

प्रश्न - 38 ‘चमड़ा’ से दैनिक उपयोग की वस्तुएँ बनती हैं -

(क) बल्ब, कार, साइकिल

(ख) टोकरी, घड़ा, बाल्टी

(ग) कालीन, कम्बल, चादर

(घ) जूता, बेग, बेल्ट उत्तर ( )

प्रश्न - 39 ‘वार्तालाप’ शब्द किन शब्दों के योग से बना है?

(क) वार्त+आलाप

(ख) वार्ता+लाप

(ग) वार्ता+आलाप

(घ) वार्ता+अलाप उत्तर ( )

प्रश्न - 40 कर्ता कारक का चिह्न है -

(क) ने

(ख) को

(ग) हे

(घ) ओ उत्तर ( )

प्रश्न - 41 हिन्दी मे वचन होते हैं -

(क) एक

(ख) दो

(ग) तीन

(घ) चार उत्तर ( )

प्रश्न - 42 बांसुरी मुख ______ बजती है -

(क) का

(ख) के

(ग) से

(घ) की उत्तर ( )

प्रश्न - 43 ‘मैल’ का अर्थ है -

(क) मिलन

(ख) गंदगी

(ग) बदबू

(घ) खुशबू उत्तर ( )

प्रश्न - 44 कक्षा मे चालीस विद्यार्थी बैठे हैं । विशेषण का सही भेद है -

(क) गुणवाचक विशेषण (ख) परिमाणवाचक विशेषण

(ग) सार्वनामिक विशेषण (घ) संख्यावाचक विशेषण

उत्तर ( )

प्रश्न - 45 'किस्मत' का अर्थ है -

(क) भाग्य (ख) कर्म

(ग) परिश्रम (घ) मेहनत उत्तर ( )

प्रश्न - 46 'बुनावट' शब्द मे प्रत्यय है -

(क) बुन (ख) आवट

(ग) ट (घ) वट उत्तर ( )

प्रश्न - 47 'धरती' का सही समानार्थी शब्द है ?

(क) तालाब (ख) पाताल

(ग) ज़मीन (घ) जलाशय उत्तर ( )

प्रश्न - 48 'मधुर' शब्द का विलोम है -

(क) मीठा (ख) नमकीन

(ग) कठोर (घ) आसान उत्तर ( )

प्रश्न - 49 'लाल पीला होना' मुहावरे का अर्थ है -

(क) मजबूर होना (ख) क्रोधित होना

(ग) लाल पीले रंग का होना (घ) मज़ाक करना उत्तर ( )

प्रश्न - 50 'खुरदरा' होता है -

(क) शीशा (ख) पेड़ की छाल

(ग) रूई (घ) लोहा उत्तर ( )

***********************